### सुविचार



बर्तन में रखा पानी चमकता है। समुद्र का पानी अस्पष्ट होता है। लघु सत्य स्पष्ट शब्दों से बताया जा सकता है, महान सत्य मौन रहता है।

-रविन्द्रनाथ टैगोर


### लखनऊ के प्रमुख समाचार

- बस की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत II
- दिल और दिमाग को बीमार बना रही रील्स की लत III
- अदरक के तेल से होगा सोरायसिस का इलाज IV


### शहर में आज



- डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रशासनिक भवन में शिशु रोग विभाग की ओर से विकसित भारत का पहला एआई आधारित मोबाइल एप लांच कार्यक्रम- 10:15 बजे।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस गर्ल्स महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह- 11:00 बजे से।
- लखनऊ विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर इकाई का गठन कार्यक्रम- 12:00 बजे से।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन के लोहिया सभागार में मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम- 12:00 बजे से।
- राजा बाजार के गीता भवन में श्रीमद्भागवत कथा में रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का वर्णन- 3:00 बजे से।
- बीएम शाह प्रेक्षागृह मेंभारतेन्दु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह के चौथे दिन लोक कल्याण कम्युनिकेशन की ओर से नाटक मेरो यात्रा अटल यात्रा का मंचन- 3:30 बजे से।
- कलिया खेड़ा केशरी खेड़ा के अनौरा मोड़ स्थित आरके मैरिज लान में बेतहसदा फैलोशिप ट्रस्ट लखनऊ की ओर से ईस्टर मिलन समारोह- 4:00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# लोहिया संस्थान का लीवर पॉप एप करेगा नवजातों के लीवर में रोगों की पहचान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आयुर्विज्ञान संस्थान में विकसित देश के पहले एप का आज होगा लोकार्पण
- संस्थान के बाल रोग विभाग ने तैयार किया एआई आधारित लीवर पॉप मोबाइल एप
- मल के रंग के विश्लेषण से बाइलरी विकारों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग में मिलेगी मदद

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के बाल रोग विभाग ने नवजात शिशुओं में लीवर संबंधी गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान के लिए एआई आधारित मोबाइल एप विकसित किया है। देश के पहले एआई आधारित इस एप को 'लीवर पॉप' नाम दिया गया है। ये एप मल (स्टूल) के रंग के विश्लेषण से बाइलरी विकारों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग में मदद करेगा, जिससे समय पर सटीक उपचार संभव हो सकेगा।

संस्थान के प्रवक्ता डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी ने बताया कि 'लीवर पॉप' एप का लोकार्पण बुधवार को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नवजात शिशुओं में लीवर व पित्त नली (बाइलरी) संबंधी बीमारियों की देर से पहचान गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकती है। ये एप तीमारदारों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए एक सरल, प्रभावी और निःशुल्क समाधान प्रदान करेगा।विशेषज्ञों का मानना है कि यह एप बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और नवजात शिशुओं में लीवर रोगों की समय पर पहचान कर उनकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाएगा।

### ऐसे कर सकते हैं एप का उपयोग

- डॉ. भुवन ने बताया कि एप का उपयोग बेहद आसान है। कोई भी व्यक्ति नवजात के स्टूल के रंग की फोटो लेकर इसके माध्यम से प्रारंभिक संकेत प्राप्त कर सकता है, जिससे समय पर चिकित्सकीय परामर्श लिया जा सके। एप को 40 भाषाओं में तैयार किया गया है। 22 भारतीय और 18 विदेशी भाषाएं शामिल होने से देश-विदेश में अधिक से अधिक लोगों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी।



बैठक में मौजूद प्रदेश के विभिन्न सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के प्रतिनिधि।

### कम्युनिटी रेडियो स्टेशनों को सशक्त बनाने की पहल तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** कम्युनिटी रेडियो स्टेशनों (सीआरएस) को बुनियादी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अब सामूहिक रणनीति तैयार की जाएगी। इसको लेकर मंगलवार को केजीएमयू स्थित कम्युनिटी रेडियो स्टेशन 'गूंज' परिसर में प्रवक्ता डॉ. केके सिंह की अध्यक्षता बैठक हुई। इसमें प्रदेश भर के विभिन्न सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि सभी स्टेशन एकजुट होकर केंद्र और राज्य स्तर के सरकारी विभागों से समन्वय स्थापित करेंगे, जिससे विज्ञापनों की प्राप्ति बढ़ाई जा सके और सरकारी योजनाओं को व्यापक स्तर पर आम जनता तक पहुंचाया जा सके। डॉ. केके सिंह ने बताया कि अब केवल स्थानीय संसाधनों पर निर्भर रहने के बजाय व्यापक स्तर पर संवाद स्थापित करने की दिशा में काम किया जाएगा। साथ ही स्टेशनों के तकनीकी उन्नयन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है। बैठक में कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

## चार करोड़ की सरकारी जमीन कब्जामुक्त कराई

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने मंगलवार को सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम बेहसा में कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन कब्जामुक्त कराई। जमीन कीमत चार करोड़ रुपये बताई गई।

नगर निगम की टीम और उप जिलाधिकारी सरोजनी नगर अंकित शुक्ला के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस बल के साथ ग्राम बेहसा में टीम ने दो जगह पर कुल .201 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर कब्जा मुक्त कराई। बुलडोजर से अतिक्रमण ध्वस्त किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। अधिकारियों ने जमीत की कीमत चार करोड़ रुपये बताई।

# पुराने ऑपरेशनों की फाइलें भी पलटेगी जांच कमेटी

## आयुष्मान मरीज को बाहर की दवाएं लिखने के मामले में जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के नेत्र विभाग में आयुष्मान लाभार्थी से बाहर की दवाएं और लेंस मंगवाने मंगाने के मामले की जांच के लिए बनाई गई कमेटी पिछले तीन महीने में किए गए ऑपरेशनों और एचआरएफ से मंगाई गई लेंस व दवाओं की जांच भी करेगी। तीन माह में किए गए मोतियाबिंद ऑपरेशन का डाटा भी मांगा गया है।

काकोरी के जेहटा निवासी गणेश कश्यप की 57 वर्षीय पत्नी गीता कश्यप आयुष्मान लाभार्थी हैं। किंग जॉर्ज विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के नेत्र विभाग में उनकी आंख के ऑपरेशन के लिए पर सादे कागज पर दवाओं की सूची देकर विशेष मेडिकल स्टोर से लेंस व दवाएं लाने का दबाव डाला गया। रिपोर्ट भी गलत देने का आरोप है।

इस मामले में संस्थान प्रशासन ने डॉ. केके सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई है। इस कमेटी ने मंगलवार को जांच शुरू कर दी। कमेटी ने तीन माह में किस डॉक्टर ने कितने ऑपरेशन किए, एचआरएफ से कितने डॉक्टरों ने लेंस व दवाएं मंगाई, इसकी जानकारी भी जुटा रही है। विभाग से तीन माह में किए गए मोतियाबिंद ऑपरेशन का डाटा भी मांगा गया है।

कमेटी पुराने मरीजों-तीमारदारों से भी बातचीत कर बाहर से दवा और लेंस मंगवाने की जानकारी भी करेगी। इसके अलावा ऑपरेशन व एचआरएफ से मंगाए गए लेंस व दवाओं के बीच के अंतर का भी विश्लेषण किया जाएगा। डॉ. केके सिंह ने बताया कि इस मामले में कमेटी हर पहलू पर जांच कर रही है। दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा।



आयुष्मान मरीज को बाहर से दवा लिखने की जांच करेगी कमेटी

अमृत विचार Follow UP

निजी अस्पताल में हो गया मुफ्त में ऑपरेशन

महिला डॉक्टर की संविदा समाप्त

### इन बिंदुओं पर कमेटी करेगी जांच

- हम तीन माह में किस डॉक्टर ने कितने ऑपरेशन किए
- एचआरएफ से कितने डॉक्टरों ने लेंस, दवाएं मंगाई
- तीन माह में हुए मोतियाबिंद ऑपरेशन का डाटा मांगा
- एचआरएफ से मंगाए लेंस व दवाओं के अंतर का विश्लेषण होगा
- पुराने मरीजों-तीमारदारों से बात कर ली जाएगी जानकारी

### मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर मची लूट

- केजीएमयू के नेत्र रोग विभाग में अव्यवस्था हावी है। मोतियाबिंद के ऑपरेशन के नाम पर कुछ डॉक्टरों ने लूट मचा रखी है। ज्यादातर मरीजों को बाहर के लेंस और दवाओं की लंबी चौड़ी लिस्ट थमा देते हैं। डॉक्टरों की दवाएं चुनिंदा मेडिकल स्टोर पर ही मिलती हैं। सूत्रों का कहना है कि मेडिकल स्टोर संचालक ने तो डॉक्टरों के नाम से दवा और लेंस की पोटली मना रखी है। जैसे ही मरीज मेडिकल स्टोर पहुंचते हैं। पर्ची देखते ही लेंस व दवा की पोटली मरीज को थमा दी जाती है। दवाएं, सर्जिकल आइटम 15 से 18 हजार रुपये की होती हैं।

### पांच प्रकार के लेंस दे रहीं कंपनियां

- केजीएमयू के हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) के स्टोर में पांच प्रकार के लेंस कंपनियां उपलब्ध करा रही हैं। इनकी कीमत 200 रुपये से लेकर 55 हजार रुपये तक है। बाजार में 200 रुपये वाला लेंस कम से कम तीन से चार हजार रुपये का मिल रहा है। जबकि 55 हजार रुपये कीमत का लेंस बाजार में लगभग एक लाख रुपये का उपलब्ध है। इसके अलावा एचआरएफ स्टोर में और भी कई कीमत के लेंस उपलब्ध हैं।

### डॉक्टरों-कर्मचारियों से मारपीट मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के हड्डी रोग विभाग में डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ मारपीट व हंगामे के मामले में चौक पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसमें संजीत सिंह पटेल समेत 15 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। लखनऊ निवासी उपकार एक अप्रैल को मरीज ओपीडी में डॉ. कुमार शांतनु दिखाने गए थे। निकलते समय बाहर वाहन हटाने पर वरिष्ठ डॉक्टर से विवाद हो गया था। फोन कॉल पर आए तीमारदार के साथियों ने मारपीट की थी। शाम को संजीत सिंह पटेल ने साथियों के साथ कुलपति कार्यालय में चल रही बैठक के दौरान हंगामे कर दिया था। शनिवार को फिर संजीत ने 15-20 समर्थकों के साथ परिसर में कुलपति का पुतला फूंकने की कोशिश की औरा अधिकारियों से अभद्रता कर हूटर लगी गाड़ियां परिसर में दौड़ाई गईं थी। मामले की जांच के लिए संस्थान प्रशासन ने पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया किआंदोलन की चेतावनी के बाद पुलिस ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है। परिसर में शांतिभंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### मददगार पुलिस



भले ही पुलिस का व्यवहार कठोर होने की धारणा हो, लेकिन ये सर्दी हर कदम पर परेशान और पीड़ित लोगों की मददगार ही दिखती है। मंगलवार को हजरतगंज में अटल चौक के पास भी ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला। काफी देर से किनारे खड़े बुजुर्ग पर यातायात पुलिसकर्मी नजर पड़ी, वह किनारे गया और हाथ पकड़कर बुजुर्ग को सड़क पार कराई। -शुभंकर

# टोल टैक्स बढ़ने से महंगा हुआ बसों का सफर

## चारबाग और कैसरबाग डिपो से संचालित बसों के किराए में एक से 10 रुपये तक बढ़ोत्तरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** टोल टैक्स में वृद्धि होने से टोल वाले रूटों पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों का किराया भी महंगा हो गया है चारबाग और कैसरबाग डिपो से संचालित कई रूट की बसों में एक रुपये से 10 रुपये की वृद्धि कर दी गई है।

बढ़ा किराया लागू भी कर दिया गया है। अप्रैल से एक रुपये से 10 रुपये की वृद्धि की गयी है। कुछ मार्गों पर किराया यथावत रखा गया है, जबकि कुछ पर मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। किराए में बढ़ोतरी का असर दैनिक और लंबी दूरी के यात्रियों पर पड़ेगा।



लखनऊ जंक्शन पर सफाई मित्रों को पीपीई किट देते रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य ईएनएचएम केएस जैन, साथ में अन्य अधिकारी।

### लखनऊ जंक्शन पर यात्री सुविधाओं का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य ईएनएचएम केएस जैन ने मंगलवार को लखनऊ जंक्शन स्टेशन में का निरीक्षण किया। सरकुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म, कॉन्कोर्स, द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय, आईआरसीटीसी फूड प्लाजा और अधिकारी विश्रामालय का जायजा लेकर सफाई और यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। 100 वर्ष पुरानी नैरो-गेज स्टीम लोकोमोटिव, कॉन्कोर्स में एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित फिल्मों व वेब सीरीज के क्लिप्स और सूचनात्मक पट्टिकाओं को भी देखा। सफाई मित्रों को पीपीई किट, यात्रियों को प्लास्टिक मुक्त वातावरण के लिए कपड़े के थैले वितरित किए। अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) भुवनेश सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कैरिज व वैगन) समन्वय नीलेश सिंह भी साथ रहे।

### चारबाग डिपो के प्रमुख मार्गों का किराया

| मार्ग | पहले | अब | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| आलमबाग-प्रयागराज | 302 | 308 | 6 रुपये |
| आलमबाग-वाराणसी | 473 | 476 | 3 रुपये |
| आलमबाग-देहरादून | 913 | 916 | 3 रुपये |

### कैसरबाग डिपो के प्रमुख मार्गों का किराया

| मार्ग | पहले | अब | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| कैसरबाग-बहराइच | 192 | 193 | 1 रुपये |
| कैसरबाग-गोरखपुर | 435 | 437 | 2 रुपये |
| कैसरबाग-दिल्ली | 776 | 781 | 5 रुपये |

### सिटी ब्रीफ

### यूपी बोर्ड की छूटी प्रायोगिक परीक्षा 9 और 10 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में जिन विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा नहीं हो पाई थी उनको अंतिम अवसर दिया गया है। इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा में किसी कारणवश किसी भी विषय में छूटे परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में 9 और 10 अप्रैल को कराई जाएगी। प्रयोगात्मक परीक्षाएं राजकीय जुबिली इंटर कालेज में गृह विज्ञान, कम्प्यूटर, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान की और राजकीय बालिका इंटर कालेज शाहमीना पर ग्रन्थ शिल्प, सैन्य विज्ञान, खाद्य एवं फल संरक्षण, रंगीन फोटोग्राफी, आटो मोबाइल, टंकण हिन्दी, अंग्रेजी की परीक्षाएं आयोजित की गई हैं।

### जनता दरबार में महापौर ने सुनीं शिकायतें

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को महापौर सुषमा खर्कवाल के जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग साफ-सफाई, जल निकासी, सड़क, प्रकाश व्यवस्था और अन्य समस्या और शिकायत लेकर पहुंचे। महापौर ने सभी को एक-एक करके सुना और अफसरों को प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यों की नियमित समीक्षा करें। ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। महापौर ने कहा कि कि नगर निगम मुख्यालय में जनता दरबार का आयोजन प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाता है।

### कर्मचारी संगठनों की संयुक्त बैठक आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के कर्मचारी संगठनों का एक संयुक्त बनाने के लिए 8 अप्रैल को दोपहर 3 बजे हजरतगंज स्थित डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ (लोक निर्माण विभाग) सभागार में बैठक होगी। इसके पहले 27 मार्च को हुई विचार गोष्ठी में इस पर सहमति बनी थी। जिन संगठनों की भागीदारी पहले नहीं हो सकी, उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। बैठक में सभी प्रांतीय अध्यक्ष, महामंत्री या उनके प्रतिनिधियों से सहभागिता कर कर्मचारी हितों पर अपने विचार रखने का आग्रह किया गया है, ताकि संयुक्त एकता मंच का गठन संभव हो सके।

### जायजा लिया

## एलडीए उपाध्यक्ष ने आरओबी का निर्माण 15 जून तक पूरा कर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# ग्रीन कॉरिडोर पर पक्का पुल-डालीगंज आरओबी को मिली एनओसी



पिपराघाट से शहीद पथ के बीच ग्रीन कॉरिडोर के कार्यों का निरीक्षण करते एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिपराघाट से शहीद पथ के बीच कार्यों का निरीक्षण भी किया

**अमृत विचार :** ग्रीन कॉरिडोर परियोजना में पक्का पुल से डालीगंज के बीच 1.5 किलोमीटर लंबे आरओबी को रेलवे से एनओसी मिल मिल गई है। इसके साथ ही आरओबी निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। ये जानकारी मंगलवार को ग्रीन कॉरिडोर के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार को दी।

उपाध्यक्ष ने 15 जून तक आरओबी का निर्माण पूर्ण करके कॉरिडोर की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आरओबी निर्माण के बाद कॉरिडोर से खदरा, सीतापुर रोड, चौक, हुसैनाबाद, बसंतकुंज के लिए सीधा आवागमन शुरू हो जाएगा। उपाध्यक्ष ने पिपराघाट से शहीद पथ के बीच ग्रीन कॉरिडोर के कार्यों का भी निरीक्षण किया। यहां 4-लेन सड़क का कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) उपाध्यक्ष ने निरीक्षण करके 4-लेन सड़क का कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिये। बताया कि ग्रीन कॉरिडोर के तृतीय चरण के अंतर्गत पिपराघाट से शहीद पथ के मध्य बंधा एवं सड़क निर्माण, फ्लाईओवर व ब्रिज का कार्य कराया जा रहा है। इस रूट को और अधिक प्रभावी व लोगों के लिए उपयोगी बनाने के उद्देश्य से ग्रीन कॉरिडोर को सुलतानपुर रोड से सीधे कनेक्ट करेंगे। इसके लिए आर्मी लैंड पर निर्माणाधीन ग्रीन कॉरिडोर से सुलतानपुर रोड स्थित मरी माता मंदिर तक 4-लेन सड़क बनेगी। लगभग 1800 मीटर लंबी सड़क 33 करोड़ रुपये से बनेगी। इससे गोमती नगर विस्तार से अर्जुनगंज की ओर जाना आसान होगा और लगभग 10 लाख की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।

उपाध्यक्ष ने बताया कि 4-लेन सड़क के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था का चयन कर लिया गया है। जल्द कार्य शुरू हो जाएगा। कॉरिडोर से सुलतानपुर रोड के मध्य यह नया रूट बनने से पुलिस मुख्यालय, ओमैक्स, इमार टाउनशिप समेत गोमती नगर विस्तार से अर्जुनगंज की ओर जाना आसान होगा और बड़ी संख्या में लोग लाभन्वित होंगे।

## एमडी कार्यालय पर धरना आज

**अमृत विचार, लखनऊः** पावर कॉरपोरेशन के आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी का विवाद गहराता जा रहा है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा व संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने मानक समिति की रिपोर्ट के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उहोंने कहा कि समिति की रिपोर्ट आने तक छंटनी न की जाए और पूर्व में हटाए गए कर्मचारियों को वापस लिया जाए। 11 सूत्रीय मांग पत्र की समस्याओं के समाधान भी नहीं हुआ है। इन्हीं मांगों को लेकर 8 अप्रैल को एमडी मध्यांचल कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। संघ का कहना है कि 15 मई 2017 और 6 फरवरी 2025 के आदेशों का उल्लंघन करते हुए लगभग 25 हजार कर्मचारियों को 55 वर्ष की आयु का हवाला देकर हटाया गया। 23 मई 2025 को हुई बैठक में 33/11 केवी उपकेंद्रों पर कर्मचारियों की तैनाती के लिए मानक समिति गठित करने पर सहमति बनी थी। अब तक रिपोर्ट न आने के बावजूद छंटनी जारी रहने से कर्मचारियों में रोष है।

## सिटी ब्रीफ

### पति को पीटा, महिला के फाड़े कपड़े



**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर कोतवाली में रहने वाली महिला ने तीन नामजद आरोपियों समेत 15-20 अज्ञात लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़, जातिसूचक गालियां, तोड़फोड़ और लूटपाट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि 6 अप्रैल की रात कमलेश वर्मा, नरेश वर्मा और विक्की वर्मा अपने 15-20 अज्ञात साथियों के साथ घर में घुसकर पति को पीटने लगा। पीड़िता ने बचाने का प्रयास किया तो उसके कपड़े फाड़ दिए। चीख-पुकार सुनकर पास ही अपने चैंबर में मौजूद अधिवक्ता रजत तिवारी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव का प्रयास किया तो उन्हें भी पीटा और तोड़फोड़ की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज पुलिस ने वारंटी हर्ष कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वजीरगंज के मशकगंज का रहने वाला है। एक पुराने मामले में कोर्ट में हाजिर न होने पर आरोपी के खिलाफ वारंट जारी किया था। वहीं, महानगर पुलिस ने वारंटी दीपक वर्मा निवासी पेपरमिल कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया है। एनआई एक्ट के मामले में हाजिर न होने पर आरोपी का वारंट जारी हुआ था।

### मां-बेटे को कुत्ते से कटवाने की कोशिश

**अमृत विचार , लखनऊ :** मड़ियांव इलाके में रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराया है। महिला के मुताबिक आकाश और उसकी पत्नी सुधा ने 20 बेसहारा कुत्तों को पाल रखा है। उन्होंने बताया कि तीन अप्रैल की रात नौ बजे वह बेटे के साथ दूध लेकर घर जा रही थीं। तभी रास्ते में आकाश और सुधा ने कुत्तों को उकसाया और कटवाने के लिए उन पर और बेटे पर छोड़ दिया। पीड़िता का आरोप है कि किसी तरह से जान बचाने के बाद जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें और बेटे को पीट दिया। आकाश ने पीड़िता के कपड़े भी फाड़े। भीड़ जुटने पर आरोपी वहां से भाग निकले। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### ऑटो सवार महिला की चेन उड़ाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई के एल्डिको उद्यान-2 निवासी सुनीता मिश्रा ने बताया कि 4 अप्रैल की सुबह करीब 10 :30 बजे वह बहन रीता शुक्ला के घर मैक्स हॉस्पिटल के पास जा रही थी। करीब 11 बजे वह हुसड़िया चौराहे पहुंची और एक ऑटो पर सवार हुई। कुछ दूर चलने पर कुछ औरतें बच्चों के साथ उसी ऑटो पर बैठ गयी। इस दौरान एक बच्ची उनके पैर पर पैर रखकर परेशान करने लगी। परेशानी होने पर सुनीता ने जयपुरिया के पास ऑटो रूकवायी और उतर गयी। ऑटो के जाने के बाद उन्होंने गले पर हाथ लगाया तो चेन गायब थी। पीड़िता ने ऑटो को इधर-उधर देखा लेकिन वह जा चुका था। सुनीता ने डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन के बाद गोमतीनगर पुलिस ने सुनीता की तहरीर पर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत, साथी घायल

## ठाकुरगंज के आईआईएम रोड स्थित कूड़ा चौराहे पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हादसे के बाद चालक बस लेकर फरार रिपोर्ट दर्ज
- सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस



सरवन

**अमृत विचार:** आईआईएम रोड में सब्जी मंडी से घर लौट रहे बाइक सवार दो लोगों को बेकाबू बस ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक बस लेकर मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची ठाकुरगंज पुलिस ने दोनों घायलों को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां देर रात इलाज के दौरान घायल किसान ने दम तोड़ दिया। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

माल के गोपरामऊ निवासी सरवन (30) किसान था। परिवार में पत्नी रीता और दो बेटे शोभित व शुभ हैं। रिश्तेदार संतराम ने बताया कि सोमवार सुबह सरवन गांव के बहादुर के साथ बाइक से गल्लामंडी के पास सब्जी बेचने गए थे। वापस आते वक्त आईआईएम रोड स्थित कूड़ा चौराहे के पास पीछे से बेकाबू बस ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी बाइक सवार दोनों युवक दूर जा गिरे। बाइक में पीछे बैठे सरवन बस की चपेट में आ गया।

हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। घटना देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। राहगीरों ने डॉयल-112 पर हादसे की सूचना दी। जानकारी मिलते ही ठाकुरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। देर रात इलाज के दौरान सरवन की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने घायल की मौत की जानकारी पुलिस को दी। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि परिजन की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

# लोकभवन के सामने महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पेट्रोल उड़ेलते ही आत्मदाह निरोधी दस्ते व पुलिस ने पकड़ा
- हजरतगंज कोतवाली में महिला ने राजस्व अधिकारियों व मानकनगर पुलिस पर लगाया आरोप



आत्मदाह का प्रयास करने वाली महिला। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजस्व अधिकारियों और मानकनगर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बुजुर्ग महिला ने मंगलवार दोपहर लोकभवन के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। यह देख आत्मदाह निरोधी दस्ते व पुलिसकर्मियों ने दौड़कर महिला को पकड़ लिया। तेल की बोतल छीनने के बाद हजरतगंज पुलिस उसे कोतवाली ले गई। छानबीन में पता चला कि महिला करीब डेढ़ माह पूर्व भी आत्मदाह का प्रयास कर चुकी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महिला का पड़ोसी से भूमि विवाद चल रहा है। फिलहाल पुलिस पीड़िता की काउंसलिंग कर रही है।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि मानकनगर न्यू श्रीनगर निवासी संध्या सिंह (63) वर्तमान में इंदिरानगर में रहती हैं। मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे वह लोकभवन के गेट नंबर-3 पर पहुंचीं और बैग से पेट्रोल की बोतल निकालकर खुद पर उड़ेल लिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और आत्मदाह निरोधी दस्ते ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें आग लगाने से पहले ही पकड़ लिया।

पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि पड़ोसी इकबाल सिंह से उनका जमीनी विवाद चल रहा है। पैमाइश को लेकर वह कई बार राजस्व विभाग में शिकायत कर चुकी हैं। आरोप है कि 16 फरवरी को कानूनगो और लेखपाल के साथ माल पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन चार घंटे तक बातचीत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता का कहना है कि पैमाइश के दौरान वह मौजूद नहीं थीं। विरोध करने पर लेखपाल ने कथित रूप से आत्महत्या की बात कहकर अपमानित किया।

पीड़िता आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रही है। इससे पहले 27 फरवरी को भी वह लोकभवन पर आत्मदाह का प्रयास कर चुकी हैं। इंस्पेक्टर के अनुसार मानकनगर पुलिस ने राजस्व विभाग से पत्राचार कर विधिक निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है और महिला को मानकनगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।



इंसपेक्टर के साथ मौजूद खुशी। अमृत विचार

# खुशी को बोलता देख भावुक हुए इंस्पेक्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इंस्पेक्टर ने प्रयास कर पीड़िता की करायी थी सीएम से मुलाकात
- सीएम के आदेश पर हुई सर्जरी परिवार संग आई लखनऊ

**अमृत विचार:** कानपुर स्थित घर से करीब छह माह पहले अकेले पैदल लखनऊ पहुंची मूक-बधिर खुशी (19) मंगलवार को फिर से राजधानी आयी। इसपर परिजन के साथ आयी खुशी ने कोतवाली पहुंचकर हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह से मुलाकात की। खुशी को बोलता देख इंस्पेक्टर विक्रम सिंह काफी भावुक हो गए। इंस्पेक्टर ने उसे उपहार भी दिए। खुशी ने इंस्पेक्टर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चित्र यादगार के तौर पर उन्हें भेंट किया।

कानपुर के ग्वालटोली अहिराना निवासी खुशी कानपुर से पैदल चलकर 22 नवंबर को लोकभवन के बाहर पहुंची थी। वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने आई थी। तब वह हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह को रोती मिली थी। वह मुख्यमंत्री योगी का खुद का बनाया हुआ चित्र लिए थी। मूक-बधिर होने पर इंस्पेक्टर ने मूक बधिर स्कूल से संपर्क किया तो खुशी की बात समझ में आई। जिसके बाद इंस्पेक्टर ने प्रयास कर खुशी व उसके परिजन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलाया था।मुख्यमंत्री के निर्देश पर कानपुर के अस्पताल में खुशी की कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी की गई। जिसके बाद वह फरवरी में बोलने-सुनने लगी। खुशी मंगलवार को पिता कल्लू गुप्ता, मां गीता गुप्ता और भाई जगत गुप्ता के साथ हजरतगंज कोतवाली पहुंची। पहली बार खुशी को बोलते व सुनते देख इंस्पेक्टर भावुक हो गए। खुशी ने भी अपने हाथों से बनाए विक्रम सिंह के वर्दी वाले चित्र को उन्हें भेंट किया। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चित्र भी उन्हें सौंपा।

# ठगी के शिकार पीड़ित को पुलिस ने वापस कराए 10 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अर्जुनगंज निवासी योगेंद्र कुमार का एचडीएफसी बैंक में खाता है। योगेंद्र के मुताबिक 17 फरवरी को साइबर ठगों ने इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 10 लाख निकाल लिए।

जांच में सामने आया कि मोबाइल पर एक मालिशियस फाइल भेजी थी। इसे डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक हो गया था। आरोपियों ने नेट बैंकिंग का एक्सेस लेकर रकम खाते से साफ कर दी। पीड़ित की शिकायत पर 26 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज की गई। साइबर थाने के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव, इंस्पेक्टर पंकज कुमार अंबष्ट, कांस्टेबल वैभवन प्रकाश नैन ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 'गोल्डन ऑवर' में एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर ठगों के खातों को फ्रीज कराया। इसके बाद विधिक प्रक्रिया पूरी कराकर पूरी रकम पीड़ित के खाते में वापस करा दी। रकम खाते में वापस आने पर पीड़ित योगेंद्र ने पुलिस का धन्यवाद किया है।

# नौकरी का झांसा देकर ठगे 60 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संतकबीरनगर के पांच युवक बने शिकार
- डीसीपी उत्तरी के आदेश पर दंपति समेत आठ पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे संतकबीरनगर के पांच युवकों को सचिवालय में नौकरी दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने 60 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने युवकों से मूल शैक्षिक दस्तावेज और बड़ी रकम लेकर जाली नियुक्ति पत्र थमा दिए। सचिवालय में ज्वाइनिंग के दौरान फर्जीवाड़ा सामने आया। डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेश पर मड़ियांव पुलिस ने दंपति समेत आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नोक्ता निवासी अभिषेक यादव, रितेश यादव, सुनील कुमार, संदीप कुमार और विजय कुमार लखनऊ में रहकर तैयारी कर रहे थे। अभिषेक के अनुसार उनकी मुलाकात दीपक दुआ से हुई, जिसने अपने रिश्तेदार अजीत सिंह के माध्यम से सरकारी नौकरी दिलाने का दावा किया। इसके बाद सभी की मुलाकात अजीत सिंह, मो. इस्माइल, नूरजहां, मोनू, रवि कटारिया और ज्योति दुआ से कराई गई। आरोपियों ने सचिवालय भर्ती का झांसा देकर एक सप्ताह में 12-12 लाख रुपये की व्यवस्था करने को कहा।

आरोपियों ने पहले छह-छह लाख रुपये और मूल दस्तावेज लिए, साथ ही कुछ रकम खातों में ट्रांसफर कराई। करीब एक माह बाद शेष रकम लेकर सभी को नियुक्ति पत्र दे दिए गए। दस दिन बाद जब पीड़ित ज्वाइनिंग के लिए सचिवालय पहुंचे तो पत्र फर्जी निकले।

ठगी का एहसास होने पर पीड़ितों ने शिकायत की। जांच में आरोप सही मिलने पर पुलिस ने दीपक दुआ, ज्योति दुआ, अजीत सिंह, मुकेश लता समेत आठ के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

### इलाज का झांसा देकर जालसाज ले भागा 5.8 किलो चांदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैंसर पीड़ित पिता के इलाज का झांसा देकर जालसाज ने चांदी व्यापारी से 5.8 किलो चांदी के जेवर ठग लिए। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में आरोपी ने असली चांदी लेकर बदले में नकली धातु दे दी। उन्नाव निवासी सुनील कुमार रस्तोगी को अजय वर्मा ने 15 किलो बिछिया बनाने का ऑर्डर देकर भरोसा जीता। दो अप्रैल को अस्पताल बुलाकर 5.8 किलो चांदी लेकर 3.5 किलो नकली धातु थमा दी। बाद में आरोपी का मोबाइल बंद मिला। पीड़ित को करीब 14.5 लाख रुपये का नुकसान हुआ। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्वास्थ्य अधिकारी समेत दो से ठगे 23 .46 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़कर डीमैट अकाउंट में दिखाया मुनाफा
- पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** शेयर बाजार में निवेश के नाम पर साइबर जालसाजों ने स्वास्थ्य अधिकारी समेत दो लोगों से 23.46 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए संपर्क कर निवेश का झांसा दिया और फर्जी डीमैट अकाउंट में मुनाफा दिखाकर रकम ऐंठ ली। मुनाफा न मिलने पर पीड़ितों को ठगी का एहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

चिनहट के मटियारी निवासी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी राकेश मिश्र ने बताया कि 30 जनवरी को उन्हें वीआईपी 25 स्टॉक शेयरिंग नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। शुरुआत में ग्रुप पर शेयर बाजार से जुड़ी जानकारी दी जाती थी, जिससे विश्वास बना। इसके बाद निवेश पर अधिक मुनाफे का लालच दिया गया। जाल में फंसकर पीड़ित ने 23 फरवरी से 12 मार्च के बीच दस किस्तों में कुल 11.50 लाख रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। मुनाफा दिखने के बाद जब उन्होंने रकम निकालने का प्रयास किया तो बहाने बनाकर रोक दिया गया। शक होने पर बेटे से बात करने पर ठगी का पता चला।

अलीगंज के इंदिरानगरी निवासी रविंद्र कुमार तिवारी को भी इसी तरह जय ब्रोकिंग ऑनलाइन ट्रेडिंग ग्रुप में जोड़ा गया। उन्हें लिंक भेजकर ट्रेडिंग एप डाउनलोड कराई गई। शुरुआत में छोटी रकम पर मुनाफा दिखाकर भरोसा दिलाया गया। इसके बाद अलग-अलग बैंकों के खातों में कुल 11.96 लाख रुपये जमा करा लिए गए। बाद में उन्हें ग्रुप से बाहर कर दिया गया। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने भी साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

### कारोबार में पार्टनरशिप बताकर ऐंठे 19 लाख, बिके प्लॉट का किया बैनामा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य कर विभाग के अमीन वीरेंद्र सिंह सेंगर से दंपति व उनकी बेटी ने पार्टनरशिप के नाम पर 19.18 लाख रुपये ठग लिए। मुनाफा न मिलने पर आरोपियों ने एक ऐसा प्लॉट बैनामा किया, जो पहले ही अन्य लोगों को बेचा जा चुका था। पीड़ित के अनुसार सूर्यभान मिश्रा व उनकी पत्नी किरन ने रेस्टोरेंट व जमीन में साझेदारी का झांसा दिया। बाद में फर्जी प्लॉट देकर गुमराह किया और 14 लाख रुपये भी हड़प लिए। विरोध करने पर बंदूक दिखाकर धमकाया गया। एडीजी के आदेश पर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# इंस्पेक्टर लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कई महीनों से आपराधिक घटनाओं पर समय से रिस्पांस न देना, घटनाओं के खुलासे में लापरवाही और हिस्ट्रीशीटर व गैंगस्टर पर निगरानी में ढिलाई इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव को भारी पड़ गई। मंगलवार को पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने उन्हें लाइन हाजिर कर दिया। उनके स्थान पर मड़ियांव में तैनात अतिरिक्त निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्रा को गुडंबा का प्रभारी बनाया गया है।

नवागत डीसीपी पूर्वी डॉ. दीक्षा शर्मा ने अपने जोन के थानों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की थी। समीक्षा में सामने आया कि पिछले एक वर्ष में हुई स्नैचिंग, चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं में गुडंबा थाना क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई नहीं की गई। साथ ही इन घटनाओं के खुलासे में भी अपेक्षित प्रयास नहीं दिखे। इसी कार्यशैली में लापरवाही के चलते यह कार्रवाई की गई है।

सूत्रों के अनुसार एक भाजपा कार्यकर्ता ने इंस्पेक्टर प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव पर पक्ष न सुनने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। कार्यकर्ता ने इस संबंध में पूर्व विधायक से शिकायत की थी, जिसके बाद मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचा। आरोप यह भी लगा कि एक बिल्डर से सांठगांठ कर करोड़ों के भूखंड खरीदने में संलिप्तता रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार जांच में आरोप सही पाए गए।

### फर्जी रजिस्ट्री के खेल में शामिल एलडीए कर्मचारी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए के भूखंडों की फर्जी रजिस्ट्री कर करोड़ों रुपये के घोटाले के आरोपी धीरज श्रीवास्तव को आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। वह एलडीए में कनिष्ठ लिपिक था और 2022 में दर्ज एफआईआर के बाद से फरार चल रहा था। एडीसीपी क्राइम किरण यादव के अनुसार आरोपी ने फर्जी दस्तावेज बनाकर भूखंडों की रजिस्ट्री कर रुपये हड़पे। एलडीए उपसचिव की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ था। जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई थी। कोर्ट से गैरजमानती वारंट जारी होने के बाद मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# वेरिफिकेशन प्रपत्र न देने पर एडीजे कोर्ट के वरिष्ठ लिपिक को पीटा

**अमृत विचार , लखनऊ :** जमानतदारों के वैरिफिकेशन प्रपत्र न देने पर अधिवक्ताओं ने एडीजे कोर्ट-12 के वरिष्ठ सहायक लिपिक नितिन कुमार गुप्ता से मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर वजीरगंज कोतवाली में तीन नामजद और अन्य अज्ञात अधिवक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पुराना हाईकोर्ट के बहुखंडी भवन स्थित एडीजे कोर्ट-12 में तैनात नितिन कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवार शाम करीब 5:15 बजे वह बेल बॉन्ड वैरिफिकेशन के प्रपत्रों पर एडीजे से हस्ताक्षर कराकर लौटे थे। इसी दौरान अधिवक्ता शावेज और यूनुस ने तत्काल वैरिफिकेशन प्रपत्र देने का दबाव बनाया। नियमों का हवाला देते हुए मना करने पर दोनों ने अभद्रता शुरू कर दी और हाथापाई पर उतर आए। वीडियो बनाने का प्रयास करने पर आरोपियों ने उनकी पिटाई कर दी और कार्यालय के कई दस्तावेज फाड़ दिए। पीड़ित के अनुसार बाद में अजर मिर्जा ने फोन कर धमकाया और लोकेशन पूछी। इसके बाद तीनों आरोपी अपने साथियों के साथ पहुंचे और गाली-गलौज की। पीड़ित ने जिला जज से शिकायत की है। पुलिस ने अजर मिर्जा, यूनुस, शावेज समेत अन्य के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### बरवार गिरोह का सरगना साथी समेत गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बरवार गिरोह के सरगना हरिश्चंद्र और उसके साथी सोहन लाल को एसटीएफ ने मंगलवार सुबह बादशाहनगर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। दोनों गैंगस्टर एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार थे और उन पर इनाम भी घोषित था। प्रतापगढ़ पुलिस को उनकी तलाश थी। डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के अनुसार सूचना पर घेराबंदी कर सुबह करीब 10:30 बजे दोनों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने लूट, चोरी और टप्पेबाजी की वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की। गिरोह बैंक और सर्राफा बाजार के ग्राहकों को निशाना बनाता था। हरिश्चंद्र पर 17 और सोहन लाल पर 10 मुकदमे दर्ज हैं।

सक्रियता

16 मार्च को हजरतगंज में वारदात को दिया था अंजाम

# अंतरराज्यीय टप्पेबाज गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड समेत अन्य प्रांतों में भी की है टप्पेबाजी



पुलिस की गिरफ्त में टप्पेबाजी करने के आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुरादाबाद से लखनऊ आकर टप्पेबाजी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का हजरतगंज पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की रकम और घटना में प्रयुक्त साइकिल बरामद की। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि 20 मार्च को इंदिरानगर निवासी बलराम साधवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि 16 मार्च को दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा साइकिल से जबरन टक्कर मारकर उन्हें सड़क पर गिरा दिया था। जिसके बाद दोनों ने गलती मान मदद करते हुए उन्हें सड़क से उठाया। इस दौरान टप्पेबाजों ने पीड़ित की जेब में रखे 50 हजार रुपये निकाल लिए थे। कुछ दूर जाने के बाद जब बलराम ने जेब चेक की तो रुपये गायब मिले। जिसके बाद पीड़ित ने परिजन को सारी बात बताई थी।

इंस्पेक्टर ने बताया कि छानबीन के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो आरोपियों की करतूत कैद मिली। आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की दो टीमें बनाई गईं। छानबीन के दौरान मंगलवार को पुलिस ने चार टप्पेबाजों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम बिसारत निवासी रामपुर दोराहा भैसिया मुरादाबाद, वसीम उर्फ साहिल निवासी करूला जाहिद नगर कटघर मुरादाबाद ,अरूण कुमार उर्फ ठाकुर निवासी कटघर उडपुरा मुरादाबाद और सचिन चौहान निवासी गांधी नगर कटघर मुरादाबाद बताया।

आरोपियों ने कबूला कि वे लोग जिस शहर में जाते हैं। वहां होटल या रूम लेकर दो-तीन ही ठहरते हैं। सड़क पर निकलकर अपने टारगेट का पीछा करते थे। इसके बाद एक साथी साइकिल लेकर चलता था। अन्य लोग शिकार के पीछे-पीछे चलते थे। सही समय देख कर साइकिल से टक्कर मार देते थे। जब वह व्यक्ति गिरने लगता था तो उसे संभालने के बहाने उसका सामान व जेब में रखे रुपये निकाल कर भीड़ में इधर-उधर हो जाते थे। इंस्पेक्टर का कहना है कि आरोपियों ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड में ही कई वारदातें की हैं।

### गोदाम में रखी डाई में लगी आग, लाखों का नुकसान

**अमृत विचार , काकोरी:** अलीगंज के सेक्टर-डी प्रियदर्शनी कॉलोनी निवासी विपिन कुमार ने बताया कि हाजी कॉलोनी के खाली प्लॉट पर डाई का गोदाम बना रखा है। मंगलवार शाम को डाई में अचानक आग लग गयी। कुछ ही प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनाए गए डाई से आग की लपटें तेजी से फैलने लगी। स्थानीय लोगों ने पहले आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई। कॉलोनीवासियों ने दमकल, पुलिस के साथ ही पीड़ित विपिन को सूचना दी। जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय व दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। कुछ देर की मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया।




इलेक्ट्रॉनिक्स गोदाम में लगी आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

# इलेक्ट्रानिक्स गोदाम में लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाका के गुरुद्वारा रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान के गोदाम में मंगलवार सुबह आग लग गई। धुआं और लपटें देख अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर दमकल की पांच गाड़ियां पहुंचीं और करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। आशियाना निवासी योगेश छाबड़ा की महिमा इलेक्ट्रॉनिक दुकान के बेसमेंट में गोदाम था। सुबह धुआं उठता देख सूचना दी गई। दमकल कर्मियों ने ताला तोड़कर राहत कार्य शुरू किया।

# दिल और दिमाग को बीमार बना रही रील्स की लत

## केजीएमयू में हुए जागरुकता कार्यक्रम में डॉ. सूर्यकांत ने किया सचेत, पारंपरिक भारतीय भोजन को बताया लाभकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोबाइल और कंप्यूटर का अत्यधिक इस्तेमाल तो सेहत के लिए नुकसानदेह है ही, रील्स देखने की लत इससे कहीं अधिक घातक है। ये दिल, दिमाग के साथ स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रही है। बढ़ता स्क्रीन टाइम, आरामतलबी के अलावा व्यायाम, योग की कमी और फास्ट फूड का सेवन खराब स्वास्थ्य के प्रमुख कारण बन रहे हैं, जबकि पारंपरिक भारतीय भोजन स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभकारी है। ये जानकारी केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने मंगलवार को स्वास्थ्य जागरूकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दी

डॉ. सूर्यकांत ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से जुड़े आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि दुनिया की 10 प्रमुख बीमारियां आज सबसे बड़ा खतरा बन गई हैं। इनमें दिल और सांस संबंधी रोग, ब्रोंकस लंग कैंसर, अल्जाइमर व डिमेंशिया, डायरिया, डायबिटीज, लीवर और किडनी की बीमारियां शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि कुल मौतों के प्रमुख कारणों में सात गैर-संचारी रोग हैं। ये 38 प्रतिशत मरीजों की मौत के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 10 करोड़ लोग हाइपरटेंशन और हृदय रोगों से पीड़ित हैं, जबकि इतनी ही संख्या में लोग सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे हैं।

करीब 10 करोड़ लोग डायबिटीज की चपेट में हैं और हर साल लगभग सात लाख नए कैंसर मरीज सामने आ रहे हैं। टीबी के मामलों में भी भारत की हिस्सेदारी विश्व में सबसे अधिक है। मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी स्थिति गंभीर है, जहां हर तीन में से एक व्यक्ति किसी न किसी मानसिक समस्या से प्रभावित है। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानन्द ने कहा कि विज्ञान का उपयोग स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से प्रतिदिन स्क्रीन टाइम कम करने और कम से कम एक घंटा खेल-कूद व व्यायाम के लिए निकालने की अपील की। इस अवसर पर विभाग के कई चिकित्सक, जूनियर डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी और मरीजों के तीमारदार भी उपस्थित रहे।

### व्यायाम करें, धूम्रपान से रहें दूर

- विशेषज्ञों ने अधिक से अधिक पौधारोपण करने, धूम्रपान व नशीले पदार्थों से दूरी बनाने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ाने और पर्यावरण के अनुकूल ईंधन अपनाने की सलाह दी। साथ ही पैदल चलने और साइकिल चलाने को दिनचर्या में शामिल करने पर जोर दिया गया। स्वच्छ ईंधन का उपयोग, प्लास्टिक से परहेज और पारंपरिक भोजन के साथ योग व व्यायाम को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की भी अपील की गई।

### स्वास्थ्य जागरूकता दिवस



कार्यक्रम में मौजूद डॉ सूर्यकांत व अन्य।

### खीरा, खरबूज और तरबूज खाएं

- डॉ. सूर्यकांत ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए उन्होंने डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए खीरा, खरबूज और तरबूज जैसे फलों का अधिक सेवन करने की सलाह दी। साथ ही कोल्डड्रिंक और पैकेज्ड जूस की जगह मट्ठा, लस्सी, शिकंजी, नारियल पानी, बेल का शरबत और गन्ने का रस जैसे देशी पेय अपनाने पर जोर दिया। सत्तू को भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया।

### स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन 12 हजार कदम जरूर चलें

- अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों समेत अनेक जगह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए गए। लोहिया संस्थान के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने उजरियांव स्थित शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र में शिविर लगाया तो रेलवेके लखनऊ मंडल के बादशाहनगर, ऐशबाग पॉली क्लीनिक अस्पतालों में भी ऐसे शिविर लगाए गए। स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र में लोहिया के कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी कांडपाल ने लोगों को प्रतिदिन 12 हजार कदम चलने की सलाह दी। कहा कि नियमित पैदल चलना शरीर को स्वस्थ रखने का सरल और प्रभावी उपाय है। डीन डॉ. प्रद्युम्न सिंह ने धूम्रपान से दूर रहने की सलाह। एमबीबीएस के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूक किया। निदेशक डॉ. सीएम सिंह मौजूद रहे।

### स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में करें सहयोग: महापौर

- अमीनाबाद इंटर कॉलेज में स्वच्छता की संस्कृति निर्माण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अन्य लोगों से स्कूल और घर आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की। डिटॉल स्कूल स्वच्छता शिक्षा अभियान में कहा, स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने की आदत कई संक्रामक रोगों से बचाती है। रजनीश गुप्ता, पार्षद मुकेश सिंह मोंटी, प्रधानाचार्य साहब लाल मिश्रा, जिला समन्वय अधिकारी अतुल तिवारी, वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक अमित शुक्ला, प्रबंधक शशिकांत सिंह उपस्थित रहे।


पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं।

# नाटक, पोस्टर और रंगोली बनाकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अमृत विचार, लखनऊ : विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विवेकानंद पॉलिक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, विवेकानंद पॉलिक्लिनिक स्कूल एवं विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग ने सरोजनी नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोल प्ले (नाटक) से जागरूक किया। मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग विभाग ने वार्डों में कार्यक्रम कर मानसिक स्वास्थ्य के महत्व बताया गया। विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग के बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों ने भागीदारी की।

प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने अवंती बाई महिला अस्पताल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जागरूक किया। बाल स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग ने थीम आधारित रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर स्वास्थ्य संदेश को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। मनोचिकित्सा नर्सिंग विभाग ने पोस्टर प्रतियोगिता, नवाचार और वैश्विक स्वास्थ्य सुधार के लिए प्रयास प्रदर्शित किए गए। भारतीय नर्सिंग परिषद, ने वेबिनार का आयोजन किया।


ओल्ड एज होम में लगे स्वास्थ्य शिविर में जांच करते चिकित्सक।

### भाषा विवि ने ओल्ड एज होम में लगाया शिविर

- **अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ओल्ड एज होम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धजनों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिनमें ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्लूकोज, बीएमआई, बॉडी टेम्परेचर, पल्स रेट की जांच शामिल रही। इस दौरान कुल 60 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और विशेषज्ञों से चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. अमन प्रिया ने प्रमुख रूप से अपनी सेवाएं प्रदान कीं। वहीं फैकल्टी कोऑर्डिनेटर के रूप में अहतेशाम अहमद, रणवीर सिंह, अपेक्षा सिंह एवं अमर मिश्रा ने सक्रिय भूमिका निभाई और शिविर के सफल संचालन में योगदान दिया। इस अवसर पर बीफार्म तृतीय एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

## सिटी ब्रीफ

### श्रद्धा के साथ मनाया प्रकाश पर्व

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुरु तेग बहादुर के 405वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में एलडीए कलोनी कानपुर रोड स्थित गुरुद्वारा मानसरोवर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुरुद्वारा के अध्यक्ष सरदार संपूर्ण सिंह बग्गा ने बताया कि 5 अप्रैल को तीन दिवसीय दीवान, नितनेम पाठ, सुखमनी साहिब पाठ और अखंड पाठ का मंगलवार को सुबह समापन हो गया। मंगलवार को हजूरी रागी हरविंदर सिंह ने आशा दीवार के कीर्तन किए। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी परमजीत सिंह ने संगत को गुरु तेग बहादुर के बारे में बताया। शाम 6 बजे रात तक विशेष कीर्तन दीवान चला। इसमें दरबार साहिब अमृतसर से विशेष तौर पर लखनऊ आये हजूरी रागी जगतार सिंह ने कीर्तन प्रस्तुत किया। गुरुद्वारा समिति के महासचिव चरणजीत सिंह, सचिव गगनदीप सिंह बग्गा, कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह (पम्मी), परमजीत चन्दर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरिंदर बग्गा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इक़बाल सिंह ने गुरु महाराज को नमन किया।

### भागवत कथा में गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजा बाजार के गीता भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में मंगलवार को कथा व्यास आचार्य उमेश कुमार मिश्रा ने श्रीकृष्ण बाल-लीला और गोवर्धन पूजा के प्रसंग का वर्णन किया। लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति सुहासिनी की ओर से कराई जा रही कथा में आचार्य ने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और अहंकार के त्याग का संदेश है। जब इंद्र को अपनी शक्तियों पर अभिमान हो गया, तब श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठ उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर भक्तों की रक्षा की और यह सिद्ध किया कि भगवान सदैव अपने शरणागत भक्तों का हाथ थामे रहते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने कर्मों में शुचिता रखनी चाहिए और हर परिस्थिति में ईश्वर पर विश्वास बनाए रखना चाहिए। कथा के दौरान भगवान की बाल-लीलाओं का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि कन्हैया ने माखन चोरी के माध्यम से भक्तों के हृदय को चुराने की कला सिखाई है। गोवर्धन गिरधारी सुध लेना हमारी... और छोटी-छोटी गैया छोटे-छोटे ग्वाल, छोटो सो मेरो मदन गोपाल... जैसे भजनों पर भक्त थिरकने लगे। सुहासिनी की अध्यक्ष रागिनी रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीमा रस्तोगी, मंत्री शालिनी रस्तोगी, कोषाध्यक्ष ऋचा रस्तोगी मौजूद रहीं।


संत गाडगे प्रेक्षागृह में प्रस्तुति देते पद्मश्री पंडित तरुण भट्टाचार्य, मंजुनाथ, पद्मश्री रोनू मजूमदार और ज्योतिमोय रॉय चौधरी। अमृत विचार

# सुर और ताल से दी पंडित रविशंकर को श्रद्धांजलि

## पंडित रविशंकर म्यूज़िक फाउंडेशन, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 107वीं जयंती पर भारत रत्न पंडित रविशंकर को नृत्य, गायन और वादन के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भारत गान की प्रस्तुति से शुरू हुए कार्यक्रम में तेजस्विनी इंगले, मुक्ता चटर्जी, राहुल अवस्थी, आशीष तिवारी के समूह के बाद संगीत के 25 छात्र-छात्राओं ने तिरंगा वेशभूषा में शुभ सुख चैन की बरखा बरसे, भारत भाग्य है जागा, भारत गान सुनाकर राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत किया।

पंडित रविशंकर म्यूज़िक फाउंडेशन और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने रविवार को संत गाडगे प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया। पंडित रविशंकर के पौत्र आर्यन चटर्जी ने सरोद वादन किया। पंडित रविशंकर के शिष्य रहे पद्मश्री तरुण भट्टाचार्या ने संतूर वादन किया।

पंडित मैसूर मंजूनाथ ने वायलिन वादन, पद्मश्री पंडित रोनू मजूमदार ने सुमधुर बांसुरी वादन,पंडित देव नारायण मिश्रा ने बनारस अंग का तबला वादन किया। समारोह में कलाकारों का अभिनंदन हुआ और वैदिक गुरुकुल आश्रम के बच्चों ने शान्ति पाठ किया।


बेगम हजरत महल की यौमे ए शहादत पर कार्यक्रम को संबोधित करते न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी, साथ में अन्य।

# बेगम हजरत महल की याद में सजी महफिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बेगम हज़रत महल की 147वीं बरसी पर मंगलवार को बेगम हज़रत महल पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी ने कहा कि बेगम हजरत महल अपने राज्य के लोगों का मार्गदर्शन करने के साथ-साथ मैदाने जंग में भी सक्रिय थीं। इसके लिए उन्हें अपने वतन से दूर भी होना पड़ा।

विशिष्ट अतिथि एरा मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहदी और सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल एडवोकेट ने बेगम हजरत महल व अन्य स्वतंत्रता सेनानियों की सहभागिता और बलिदान पर प्रकाश डाला। बेगम हजरत महल सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष अब्दुल नसीर नासिर ने बताया कि जल्द ही नाटक बेगम हज़रत महल और कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। डॉ. सुनील कुमार मिश्रा, डॉ. ऋषि मिश्रा, डॉ. आमोद सचान, चेयरमैन हिन्द मेडिकल कालेज जुबैर अहमद उस्मानी, सीए अग्रवाल आदि ने भी विचार रखे।

बेगम मेहताब जहां ने कविता के ज़रिए श्रद्धांजलि दी। संचालन मुहम्मद गुफरान नसीम ने किया। बड़ी संख्या में नागरिक, छात्र और वकील मौजूद रहे।

## सिटी डायरी


अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते ब्रजेश पाठक।

### भाजपा का वार्ड चलो अभियान शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा महानगर इकाई के 7 से 12 अप्रैल 'वार्ड चलो' अभियान की शुरुआत मंगलवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कैंट विधानसभा क्षेत्र के गीतापल्ली वार्ड में की। यहां लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। नेता डॉ. नीरज सिंह ने निशातगंज काल्विन कॉलेज वार्ड में पहुंचकर राज्य सरकार की 9 साल उपलब्धियों का पत्रक वितरित किया। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क कर सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि समाजसेवी श्याम लाल वाल्मीकि के आवास पर अंग वस्त्र पहनाया गया। महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल, उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, पार्षद प्रमोद राजन, उपाध्यक्ष योगेंद्र पटेल, कार्यक्रम संयोजक लखविंदर पाल सिंह, पार्षद ऋचा आदर्श मिश्रा, मंडल अध्यक्ष राजन वर्मा, पार्षद पीयूष दीवान, मंडल उपाध्यक्ष सुनील वाजपेयी, मनोज श्रीवास्तव, मोहित कपूर उपस्थित रहे।


ईस्टर मिलन समारोह में प्रस्तुति देते गायक व अन्य।

### ईस्टर मिलन में मनाया उत्सव

**अमृत विचार,लखनऊ :** ईस्टर पर मंगलवार को चर्चों की ओर से ईस्टर मिलन समारोह क्राइस्ट चर्च कॉलेज ग्राउंड में किया गया। शुरुआत एपिफेनी चर्च के रेव ईएफ बख्श ने की। पादरी सैमी मथाई ने विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। कैथोलिक धर्मप्रांत के बिशप डॉ. गेराल्ड जे मथाइस ने सभी को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं। पादरी विपिन मैसी और टीम ने गौ गौ जय के गीत गौ भजन प्रस्तुत किया। इमैनुअल एजी चर्च के रेव लॉरेंस जोसेफ ने धर्मग्रंथ का पाठ किया। बिशप ऑगस्टस एंथोनी की अध्यक्षता में आयोजित आराधना में सीएनआई लखनऊ धर्मप्रांत के बिशप मॉरिस ई. दान ने अपने उपदेशों से सभी को प्रेरित किया। यूपीएमए के सचिव आरके चटरी ने एसोसिएशन की रिपोर्ट प्रस्तुत की।



समझौता ज्ञापन दिखाते उच्च अधिकारी।

### सहयोग से बढ़ेगी प्रशिक्षण क्षमता

**अमृत विचार,लखनऊ :** क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान रक्षा लेखा विभाग, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज, राष्ट्रीय सीमा शुल्क अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी आंचलिक परिसर लखनऊ एक-दूसरे का सहयोग करके प्रशिक्षण क्षमताओं और मानकों को बढ़ाएंगे। इस संबंध में मंगलवार को आरटीसी लखनऊ के रामायण सभागार में अधिकारियों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया गया। ज्ञापन में प्रशिक्षण की सर्वोत्तम पद्धतियां, नवाचार और इन्फ्रास्ट्रक्चर सहायता शामिल है। क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, लखनऊ भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के अधीन रक्षा लेखा विभाग का एक प्रशिक्षण संस्थान है।


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली प्रतिभागी।

### ग्रैंड फिनाले कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** क्वीनीफाइड इंक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मंगलवार को गोमती नगर स्थित एक होटल में मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश, मिस टीन उत्तर प्रदेश और मिसेज उत्तर प्रदेश के फाइनलिस्ट्स के सैशे सेलिब्रेशन होगा। संयोजक प्रीति यादव ने बताया कि मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश, मिस टीन उत्तर प्रदेश और मिसेज उत्तर प्रदेश का ग्रैंड फिनाले 9 अप्रैल को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा। फिनाले ग्लैमर और प्रतिभा का संगम होगा।

## व्यंग्य

भारतेन्दु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में किया गया नाटक का मंचन

# नौटंकी ये कैसा इंसाफ से किया न्याय व्यवस्था के भ्रष्टाचार पर वार


बीएम शाह प्रेक्षागृह में नाटक नौटंकी ये कैसा इंसाफ का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतेन्दु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह के तहत मंगलवार को अकादमी के बीएम शाह प्रेक्षागृह में विविध सेवा संस्थान की ओर से नौटंकी ये कैसा इंसाफ का मंचन किया गया। नौटंकी का निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी आतमजीत सिंह ने किया। न्याय व्यवस्था में घुस आये भ्रष्टाचार पर करारा वार है यह नौटंकी।

यह गुजराती लोक कथा पर आधारित नौटंकी है। इसमें एक काजी अपने सामने आने वाले मुकदमों में दोषियों से पैसे लेकर उनके हक में फैसले सुना देता है। उसकी अदालत में दोषी कभी फंसता ही नहीं है। हद तो यह है कि भोला नाम के व्यक्ति के पिता की हत्या का मुकदमा काजी के पास पहुंचता है तो हत्यारे से पैसे लेकर काजी मरने वाले को ही दोषी ठहरा देता है। एक महिला अपने बच्चों की मौत का मुकदमा लेकर आती है। इस मुकदमे में भी काजी पैसे खा लेता है। अंततः लोगों का गुस्सा काजी के खिलाफ फूटता है। लोग एकजुट हो जाते हैं तो रिश्वत की थैलियों का सच सामने आ जाता है। इस नौटंकी में आंचल सचदेव, अमरकांत, शिखा, अलंकार पाण्डेय, जयनित्य जायसवाल, श्रेया अवस्थी, प्रियांक कठेरिया, गगनदीप सिंह डिडयाला, अभिजीत, सरबजीत सिंह, शिवदीन सिंह, पंकज सत्यार्थी और आदित्य विश्वकर्मा ने भूमिकाएं निभाईं।

## सिटी ब्रीफ

### सेंटर फॉर एक्सीलेंस के दूरगामी परिणाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में साधना सप्ताह के तहत सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन एआई एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी एकेडमिक एक्सीलेंस पर विशेष ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। माइक्रोसॉफ्ट टीम के माध्यम से आयोजित इस व्याख्यान की अध्यक्षता प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार ने किया। इस मौके पर एसो. डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने भी विचार रखा। कार्यक्रम समन्वय शुभी पांडेय ने किया। इस दौरान राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक सहित फैकल्टी और कर्मचारी जुड़े थे।

### विद्यार्थियों को अल्ट्राटेक में काम करने का मौका

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के दो विद्यार्थी ऋषि राज झा और शिवा मिश्रा का चयन अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा किया गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। यह चयन कंपनी द्वारा आयोजित भर्ती प्रक्रिया में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। इंटर्नशिप के दौरान चयनित विद्यार्थी कंपनी की विभिन्न परियोजनाओं में भाग लेंगे, जहां उन्हें चूना पत्थर (लाइमस्टोन) के भंडारों का सर्वेक्षण, भूवैज्ञानिक विश्लेषण, खनिज संसाधनों का मूल्यांकन तथा सीमेंट उद्योग से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### इंटीग्रल विवि में होगा 5वां राष्ट्रीय मूटकोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** मूटिंग उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की अपनी विरासत को आगे बढ़ाते हुए एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज़ 9 से 11 अप्रैल तक इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ लॉ में 5वां एआईयू राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। यह आयोजन कानूनी अनुसंधान, ड्राफ्टिंग और मौखिक वकालत कौशलों को मजबूत करने तथा देश भर के विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) होंगे।

### चैलेंज मूल्यांकन के आवेदन 9 तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2025-2026 के विषम सेमेस्टर परीक्षा के चैलेंज मूल्यांकन के आवेदन की तिथि को 7 से 9 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दिया गया है। कुछ छात्रों के अनुरोध पर छात्रहित में ध्यान रखते हुए तिथि को विस्तारित किया गया है। उक्त तिथि में छात्र चैलेंज मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद छात्रों की डिजिटल मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका छात्र के ईआरपी लॉगइन पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

### प्रो. बीबी मलिक बने राजेन्द्र विवि के कुलपति

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीबी मलिक को ओडिशा स्थित राजेन्द्र विश्वविद्यालय, बलांगीर का कुलपति नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने प्रो. मलिक को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। प्रो. बीबी मलिक ने कुलपति पद पर अपनी नियुक्ति के लिए राज्यपाल हरिबाबू कम्भमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यबंशी सूरज तथा चयन समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

### रोजगार मेले में 270 अभ्यर्थियों का चयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईटीआई अलीगंज में आयोजित रोजगार मेले में कुल 270 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। प्राचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरुप मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत मारुति सुजुकी द्वारा खरखौदा, सोनीपत, हरियाणा के लिए कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने कम्पनी के प्रतिनिधि से अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को चयनित करने के लिए कहा तथा अभ्यर्थियों को चयन के उपरान्त ज्वाइन करने के लिए प्रेरित भी किया। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एमए खान ने बताया कि कैम्पस ड्राइव में लगभग 1000 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, अर्ह अभ्यर्थियों की परीक्षा एवं साक्षात्कार के उपरान्त 270 अभ्यर्थियों का चयन हुआ।

# अदरक के तेल से होगा सोरायसिस का इलाज

## सीएसआईआर-सीमैप वैज्ञानिक के शोध में सामने आए चौंकाने वाले परिणाम, परीक्षण पूरा

मार्कण्डेय पाण्डेय, लखनऊ

- कंप्यूटर, प्रयोगशाला और पशु परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा



डॉ. एनपी यादव

**अमृत विचारः** त्वचा की गंभीर और लंबे समय तक परेशान करने वाली बीमारी सोरायसिस के इलाज को लेकर सीएसआईआर-सीमैप के वैज्ञानिक ने महत्वपूर्ण शोध किया है। वैज्ञानिक डॉ. एनपी यादव ने वैज्ञानिक अध्ययन में पाया है कि अदरक (जींजीबर ऑफिसिनेल) से निकाला गया एसेंसियल ऑयल इस बीमारी के लक्षणों को कम करने में प्रभावी हो सकता है। यह शोध तीन अलग-अलग स्तरों कंप्यूटर आधारित अध्ययन (इन सिलिको), प्रयोगशाला परीक्षण (इनविट्रो) और पशु परीक्षण (इन विवो) पर किया गया है। जिससे इसके परिणाम अधिक विश्वसनीय माने जा रहे हैं।

सोरायसिस एक पुरानी (क्रॉनिक) त्वचा रोग है, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में गड़बड़ी के कारण होता है। इसमें त्वचा की कोशिकाएं सामान्य से कई गुना तेजी से बनने लगती हैं। इससे त्वचा पर लाल, मोटे, सूखे और खुजली वाले धब्बे बन जाते हैं। कई बार इसमें जलन और दर्द भी होता है। यह बीमारी पूरी तरह ठीक नहीं होती और लंबे समय तक इलाज की जरूरत पड़ती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया भर में लाखों लोग इस बीमारी से प्रभावित हैं। इसके इलाज के लिए वर्तमान में जो दवाएं उपलब्ध हैं, वे या तो महंगी होती हैं या लंबे समय तक उपयोग करने पर उनके दुष्प्रभाव सामने आ सकते हैं। यही कारण है कि वैज्ञानिक सुरक्षित और प्राकृतिक विकल्पों की खोज में लगे हुए हैं।

### अध्ययन के नतीजे

- **कंप्यूटर परीक्षण** – कंप्यूटर तकनीक की मदद से यह समझने की कोशिश की गई कि अदरक के तेल के ये तत्व शरीर में कैसे काम करते हैं। वैज्ञानिक डॉ. एनपी यादव ने पाया कि ये तत्व शरीर में मौजूद उन प्रोटीन और रसायनों से जुड़ जाते हैं, जो सोरायसिस को बढ़ाने में भूमिका निभाते हैं। जब अदरक के तेल के तत्व इनसे जुड़ते हैं, तो उनकी गतिविधि कम हो जाती है, जिससे सूजन घटती है।
- **प्रयोगशाला परीक्षण**– इन विट्रो परीक्षण में प्रयोगशाला में सोरायसिस प्रभावित कोशिकाओं पर परीक्षण किए। इसमें यह देखा गया कि अदरक का तेल सूजन पैदा करने वाले कई रसायनों को कम करता है, जैसे टीएनएफ अल्फा, आईएल 6, आईएल 1 बीटा, आईएल 17 ए इसके अलावा, यह त्वचा की कोशिकाओं (केराटिनासाइट्स) की तेजी से बढ़ने की प्रक्रिया को भी नियंत्रित करता है। यही प्रक्रिया सोरायसिस में सबसे बड़ी समस्या होती है।
- **पशु परीक्षण**– इस तेल का परीक्षण चूहों पर किया गया, जिनमें सोरायसिस जैसी स्थिति कृत्रिम रूप से उत्पन्न की गई थी। इन चूहों की त्वचा पर अदरक का तेल लगाया गया। कुछ ही दिनों में यह देखा गया कि त्वचा की लालिमा कम हो गई, सूजन में कमी आई, त्वचा का मोटापन घटा, खुजली और जलन में राहत मिली चूहों के शरीर में मौजूद सूजन पैदा करने वाले रसायनों का स्तर भी कम हो गया।

**अदरक मसाला नहीं, एक औषधि भीः** अदरक भारत सहित दुनिया भर में एक लोकप्रिय मसाले के रूप में उपयोग किया जाता है। अदरक में कई ऐसे प्राकृतिक तत्व पाए जाते हैं, जो सूजन कम करने, संक्रमण से लड़ने और शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करते हैं। इस शोध में अदरक के आवश्यक तेल का विशेष रूप से अध्ययन किया गया। यह तेल भाप द्वारा आसवन की प्रक्रिया से निकाला जाता है और इसमें कई सक्रिय रासायनिक तत्व होते हैं।

**कोशिका के अनियंत्रित वृद्धि रोकने में सहायकः** शोध में पाया गया कि अदरक के इस तेल में कई महत्वपूर्ण तत्व मौजूद हैं, जैसे अल्फा-जिंजिबरीन, बीटा-सेस्क्वीफेलैंड्रीन, बीटा-बिसाबोलीन, कैंफीन और अर-कर्क्यूमीन पाया गया। ये सभी तत्व सूजन को कम करने और त्वचा की कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि को रोकने में सहायक माने जाते हैं।

# एआई दक्ष बनेंगे 15 हजार से अधिक शिक्षक व छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साधना सप्ताह का अंतिम दिन आज
- एआई प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण का कार्य पूरा

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र एआई के क्षेत्र में दक्ष बनाए जाएंगे। राज्य सरकार की ओर से साधना सप्ताह एआई दक्ष योजना संचालित की जा रही है, जिसमें शिक्षकों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके तहत आईजीओटी मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक आयोजित किया गया है। इसके अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा में कार्यरत सभी मानव संपदा कोड युक्त अधिकारी, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कोर्स पूर्ण करने के निर्देश जेडी लखनऊ मंडल डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने जारी किए हैं।

साधना सप्ताह की दैनिक प्रगति की निगरानी के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है, जिसकी अगुवाई मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंडल स्तर की टीम सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और मिशन कर्मयोगी पोर्टल के लिए नामित जिला नोडल अधिकारियों (एमडीओ) से समन्वय स्थापित कर रही है।

लखनऊ मंडल के माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों को एआई की उपयोगिता में दक्ष बनाने के लिए बड़े पैमाने पर पंजीकरण हुआ है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 9 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। अब तक लखनऊ से 5108, सीतापुर से 3448, लखीमपुर खीरी से 2621, उन्नाव से 1710, रायबरेली से 1627 और हरदोई से 915 नामांकन दर्ज किए जा चुके हैं।

# मानदेय बढ़ने पर शिक्षामित्रों ने जताई खुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मानदेय बढ़ाने की शिक्षामित्रों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर जिले के शिक्षामित्रों में हर्ष की लहर दौड़ गई।

सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय में बढ़ोत्तरी करते हुए अब इसे 18 हजार कर दिया है जबकि अंशकालिक अनुदेशकों को अब 17 हजार रुपए मिलेंगे। मानदेय की बढ़ी हुई रकम 1 अप्रैल से लागू कर दिया गया है। जिसके बाद लखनऊ जिले में 1922 शिक्षामित्र लाभावित होंगे। शिक्षामित्रों को अब तक प्रतिमाह मानदेय 10 हजार रुपए प्राप्त होता रहा है, जबकि अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार रुपए दिया जाता था।

शिक्षामित्रों का मानदेय अब तक समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत केंद्र व राज्य सरकार के 60 और 40 के अनुपात में प्राप्त होता रहा है। मानदेय बढ़ाने को लेकर शिक्षामित्र लगातार मांग कर रहे थे और इसके लिए धरना-प्रदर्शन से लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन के माध्यम से गुहार लगा रहे थे। मानदेय में वृद्धि के बाद शिक्षामित्रों में प्रसन्नता है।

- लंबे समय से शिक्षामित्र मानदेय बढ़ाने की कर रहे थे मांग
- मानदेय की बढ़ी हुई रकम 1 अप्रैल से लागू



मानदेय में वृद्धि का निर्णय स्वागत योग्य है। बीटीसी शिक्षक संघ इसका स्वागत करता है, मुख्यमंत्री ने मानदेय बढ़ाकर शिक्षामित्रों को संजीवनी दें दिए है। क्यों की समायोजन निरस्त होने के बाद से शिक्षा मित्र अपने भविष्य को लेकर निराश थे।

–अनिल यादव, प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ



सरकार ने शिक्षामित्रों का दिल जीत लिया है, आने वाले वक़्त में हम लोग और बेहतर तरिके से बच्चों के सर्वागिण विकास कराने में जुटेंगे। आगामी समय में इस ऋण को सूद सहित चुकाने का प्रयास करेंगे।

–जमशेद शरीफ, प्रदेश महासचिव, उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ



शिक्षामित्रों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा के बाद मानदेय में बढ़ोत्तरी का तोहफा सराकर ने दिया है जिसके लिए सभी शिक्षामित्र सरकार के आभारी हैं। शिक्षामित्रों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

–रिंकी सिंह, बीटीसी शिक्षक



महंगाई के दौर में शिक्षामित्रों को राहत मिली है। शिक्षामित्र परिवारों को परिवार का खर्च चलाने में बहुत राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री और बेसिक शिक्षा मंत्री को धन्यवाद करती हूं।

–सोनिका मिश्रा, शिक्षिका

### विशाखा गाइडलाइन के प्रावधानों पर की चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाराजा बिजली पासी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईसीसी समिति द्वारा "पॉलिसी अगेंस्ट सेक्सुअल हैरेसमेंट" विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुमन गुप्ता ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बृजमोहन गुप्ता उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. सुमन गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। इस अवसर पर आईसीसी सदस्य सुमेधा नीलू त्रिवेदी ने महिला सुरक्षा, जीरो टॉलरेंस नीति और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित को शिकायत दर्ज करने के लिए तीन माह का समय मिलता है। आईसीसी सदस्य भास्कर दत्त पांडे ने पास्को एक्ट और विशाखा गाइडलाइन के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की।

# शीतकालीन अवकाश में एसआईआर गर्मियों में मिली जनगणना की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अवकाश में कार्य के बोझ से परेशान शिक्षक कर रहे ईएल की मांग

**अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षकों का शीतकालीन अवकाश एसआईआर ड्यूटी में बीत गया, जबकि अब ग्रीष्मावकाश में उन्हें जनगणना कार्य में लगाया जा रहा है। सरकारी योजनाओं में लगातार व्यस्त रहने से शिक्षकों का अवकाश केवल कागजों तक सीमित रह गया है। शिक्षकों का कहना है कि अन्य विभागों के कर्मचारियों की तरह उन्हें भी अर्जित अवकाश (ईएल) का लाभ मिलना चाहिए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने कहा कि ग्रीष्मावकाश में भी विभागीय गतिविधियां संचालित कर दी जाती हैं, जिससे शिक्षकों को अवकाश का वास्तविक लाभ नहीं मिल पाता।

उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों में शीतकालीन अवकाश के दौरान शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर कार्य में लगा दी गई थी, जबकि अब ग्रीष्मावकाश में जनगणना का कार्य प्रस्तावित है। इससे शिक्षकों में असंतोष और आक्रोश बढ़ रहा है। शिक्षकों का मानना है कि यदि उन्हें अर्जित अवकाश की सुविधा दी जाए तो उनके कार्यजीवन में सुधार होगा और मानसिक तनाव भी कम होगा।

एकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रताप शाही ने कहा कि जिस प्रकार राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं के कर्मचारियों को अर्जित अवकाश, आकस्मिक अवकाश सहित अन्य सुविधाएं मिलती हैं, उसी प्रकार शिक्षकों को भी ये सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए।

### डॉ. विवेक बने देश के पहले पैरा पिकलबॉल खिलाड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** तृतीय पैरा स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. विवेक सिंह ने सफलता हासिल किया है। शिक्षा शास्त्र विभाग में गेस्ट फैकल्टी के रूप में कार्यरत डॉ. विवेक सिंह ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की क्लास सेवन श्रेणी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों से लगभग 45 पैरा खिलाड़ियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि डॉ. विवेक सिंह ने टेबल टेनिस के साथ-साथ पिकल बॉल खेल में भी पहली बार भाग लेकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वह इस खेल में हिस्सा लेने वाले पूरे भारत के पहले पैरा पिकल बॉल प्लेयर बन गए हैं। प्रतियोगिता के समापन पर उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के महासचिव अरुण बनर्जी और इंटरनेशनल अंपायर अमित सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया।

# इग्नू के दीक्षांत समारोह में 357 छात्रों को मिली उपाधि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का 39वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य समारोह नई दिल्ली स्थित मुख्यालय मैदानगढ़ी में आयोजित किया गया, जिसमें सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि एवं तरनजीत सिंह संधू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसी क्रम में देशभर के 51 क्षेत्रीय केन्द्रों पर समानांतर कार्यक्रम आयोजित किए गए। लखनऊ में समारोह इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के सभागार में सम्पन्न हुआ, जहां 357 पात्र विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. केके शुक्ला, प्राचार्य श्रीजय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज रहे।

वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में इग्नू को विश्व का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय बताते हुए इसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य सभी वर्गों तक उच्च शिक्षा को सुलभ बनाना है तथा क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षण हेतु स्वयंप्रभा चैनल के माध्यम से कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। अपने दीक्षांत भाषण में प्रो. शुक्ला ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उपाधि के साथ नई जिम्मेदारियां भी आती हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्र-केंद्रित शिक्षा, नवाचार और डिजिटल शिक्षण के महत्व पर बल दिया।

# शिक्षात्मक फिल्मों के प्रति छात्रों में दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरिम में चल रहे सात दिवसीय 'अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव के दूसरे दिन आज शिक्षात्मक बाल फिल्में देखने का भारी उत्साह छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों में दिखाई दिया। बाल फिल्मोत्सव के दूसरे दिन अभिनेत्री आरुषी निषंक एवं अभिनेता राजेश खट्टर के साथ ही 6 टीवी भारत के चीफ कन्टेन्ट एवं स्ट्रेटजी ऑफीसर आफताब आलम ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। बाल फिल्मोत्सव में 53 देशों की लगभग 329 बाल फिल्में प्रदर्शित की जा रही हैं। फिल्म फेस्टिवल में प्रथम शो 9 बजे से एवं दूसरा शो दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जा रहा है। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि बड़ी प्रसन्ता की बात है कि इस बाल फिल्मोत्सव हेतु छात्रों में खासा उत्साह नजर आ रहा है और हमें शिक्षकों व अभिभावकों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। हजारों बच्चों ने शैक्षिक बाल फिल्मों से प्रेरणा ग्रहण की जिनमें गाड्स पॉवरहाउस, काउन्टलेस 99 स्टेप्स, संजीवनी, द गोल्ड चेन, सही राह, विद्या, नौकरी या व्यवसाय, मेरा जीवन काव्य, बियोन्ड द मार्स, ए सांग एबाउट ए डॉग, एम्बेस्डर ऑफ होप, लिटिल स्टोरीज, गोल्डेन फिश, सरप्राइज, द लास्ट बुकस्टोर, जिम्मेदारी, आओ दोस्ती करें, अनोखा पिटारा, अनस्टेबल कनेक्शन आदि प्रमुख रहीं।

**सेमिनार** | 50 से अधिक शोधार्थियों ने प्रस्तुत किया समस्याओं का समाधान

# आर्थिक विकास व पर्यावरण संतुलन से बनेगा विकसित भारत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नेशनल पीजी कॉलेज में विकसित भारत और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन पर भी जोर दिया गया। गोरक्षा गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव ने कहा कि ज्ञान और जागरूकता ही व्यक्ति और राष्ट्र के समग्र विकास की आधारशिला हैं। डॉ. अजीत कुमार पांडेय, पूर्व असिस्टेंट डायरेक्टर, गृह मंत्रालय ने सतत एवं समावेशी विकास पर अपने विचार रखते हुए संसाधनों के समान वितरण, वैकल्पिक विकास मॉडल तथा आर्थिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन के बीच सामंजस्य की आवश्यकता पर बल दिया। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बच्चों को वेदों और उपनिषदों का ज्ञान भी दिया जाना चाहिए, जिससे भारतीय ज्ञान परंपरा को सुदृढ़ करते हुए विकसित भारत के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सके।





नेशनल पीजी कॉलेज में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता और शिक्षक डॉ. प्रदीप राव को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. देवेंद्र प्रताप सिंह।

प्राचार्य प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह ने युवाओं में मनोवैज्ञानिक पूंजी के विकास में प्रभावी संचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र में 50 से अधिक शोधार्थियों, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया। सत्र की अध्यक्षता डॉ. विशाल सक्सेना (अरमापुर पीजी कॉलेज, कानपुर) ने की, जिनके मार्गदर्शन और सुझावों ने सत्र को अत्यंत प्रभावी बनाया। कार्यक्रम में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शिक्षाविद् डॉ. अजीत कुमार पांडेय की विशिष्ट उपस्थिति रही।

**इन्होंने प्रस्तुत किए शोधः** बीबीडी विश्वविद्यालय की शोधार्थी प्राची सिंह ने सतत विकास और ग्रीन करियर के अवसरों में भारतीय पारंपरिक ज्ञान की भूमिका पर प्रकाश डाला। दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज की डॉ. पुष्पांजलि ने अपने शोधपत्र में बताया कि कोविड-19 के बाद उपभोक्ता व्यवहार उपचारात्मक से निवारक स्वास्थ्य की ओर परिवर्तित हुआ है। डॉ. रतन लाल ने सार्वजनिक स्वास्थ्य में योग की भूमिका को रेखांकित किया। डॉ. विवेक गांगुली ने मोबाइल बैंकिंग और वित्तीय समावेशन पर अपने शोध में विश्वास, डिजिटल साक्षरता, आधारभूत संरचना और सामाजिक प्रभाव को प्रमुख कारक बताया। नीरज कुमार ने डिजिटल भुगतान, डॉ. ऋषभ कुमार ने एल्गोरिद्मिक गवर्नेंस तथा अलीगढ़ विश्वविद्यालय की डॉ. शबनम ने ग्रीन फाइनेंस और थीमैटिक मैप विश्लेषण पर अपने शोध में सतत वित्तीय प्रणालियों और जलवायु परिवर्तन के समाधान के लिए पारदर्शिता और नवाचार की आवश्यकता को रेखांकित किया।

- एल्गोरिद्मिक गवर्नेंस, डिजिटल भुगतान, ग्रीन फाइनेंस और स्वास्थ्य व योग पर हुए व्याख्यान

## सिटी डायरी



प्रो. विनीता काचर पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. मधुरिमा प्रधान का स्वागत करते हुए।

### मेंटल हेल्थ मैटर्स पर व्याख्यान आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के आईएमएस ने 'मेंटल हेल्थ मैटर्स : ब्रेकिंग द स्टिग्मा एंड प्रमोटिंग अंडरस्टैंडिंग' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) ने अपने सेमिनार हॉल में 'मेंटल हेल्थ मैटर्स : ब्रेकिंग द स्टिग्मा एंड प्रमोटिंग अंडरस्टैंडिंग' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। आईएमएस की ओएसडी प्रोफेसर विनीता काचर ने वक्ता प्रोफेसर मधुरिमा प्रधान मनोविज्ञान विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष का स्वागत किया। प्रो. मधुरिमा प्रधान ने मानसिक स्वास्थ्य और ध्यान एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से इसे बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की। सत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय के आईएमएस के संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. जॉली रस्तोगी ने किया।





कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रतिभागी छात्राएं व शिक्षक ।

### सृष्टि बनीं मिस फेयरवेल 2026

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवयुग कन्या महाविद्यालय में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए आयोजित विदाई समारोह भावुक और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जहां एक ओर विदाई की कसक नजर आई, वहीं दूसरी ओर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से यादगार पल बनाए। समारोह का मुख्य आकर्षण 'मिस फेयरवेल 2026' प्रतियोगिता रही, जो तीन चरणों में आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सृष्टि मिश्रा ने प्रथम स्थान हासिल कर 'मिस फेयरवेल 2026' का खिताब अपने नाम किया। वहीं प्रज्ञा पटवा प्रथम रनर-अप और शताक्षी त्रिवेदी द्वितीय रनर-अप रहीं।



भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

### कैंसर की रोकथाम में पोषण की भूमिका पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. आसिफ जाफरी ने कैंसर की रोकथाम में संतुलित आहार और एंटीऑक्सीडेंट युक्त खाद्य पदार्थों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए हरी सब्जियां, फल और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। डॉ. रत्नेश कुमार सिंह ने परजीवी एवं रोगजनकों के मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव की जानकारी दी और स्वच्छता, सुरक्षित जल व व्यक्तिगत देखभाल को जरूरी बताया।





सम्मानित मेधावियों के साथ अभिभावक।

### बाल निकुंज के 280 मेधावी सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल, पलटन छावनी अलीगंज में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर प्ले ग्रुप से कक्षा 9 व 11 तक की 28 कक्षाओं के टॉप-10 में शामिल 280 मेधावियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर मनोज कुमार सक्सेना ने मेधावियों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल, शिक्षक उपस्थित रहे।